दैनिक जागरण 30/09/2023

एमए अंग्रेजी में छह छात्राएं टाप टेन में

एमए अंग्रेजी व एमकाम में कुवि की टाप टेन में शामिल विद्यार्थी कालेज के प्राचार्य व स्टाफ के साथ। ● सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज की छह छात्राओं ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (कुविवि) की परीक्षा में टाप टेन में अपनी जगह बनाई है। यह छात्राएं एमए अंग्रेजी व एमकाम से हैं।

कालेज की गवर्निंग बाडी के प्रधान डा. गुरदेव सिंह व प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी। एमए अंग्रेजी दूसरे सेमेस्टर में तान्या ने 394, हर्षिता ने 391 और राधिका ने 387 अंक हासिल कर पहले तीन स्थानों पर कब्जा किया। इसी तरह कोमलप्रीत, महक रानी और सिमरनदीप कौर मेरिट लिस्ट में छठे, सातवें एवं नौवें स्थान पर रहीं। इसी तरह एमकाम की छात्रा पूजा ने 82.2 प्रतिशत अंक लेकर मेरिट लिस्ट में पांचवां स्थान हासिल किया। इसी तरह कालेज में आडियो वीडियो एडिटिंग पर कार्यशाला के दूसरे दिन वक्ता ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इसके अलावा बिजनेस प्लान प्रतियोगिता में शुभम एमएन कालेज शाहबाद प्रथम, रेनू और ईशा गवर्नमेंट कालेज फार वूमन अंबाला सिटी द्वितीय और पूजा, शुभम पंडित चिरंजीत शर्मा कालेज करनाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। हरियाणा कला परिषद अबाला मंडल के तत्वावधान में फाइन आर्ट्स निर्देशक परविंद गुप्ता एवं सहायक निदेशक मनीषा धीमान के नेतृत्व में कार्यशाला का अयोजन किया गया।